THE ASSAM TRIBUNE GUWAHATI 16 JANUARY 2026

# Navi Mumbai airport hits 1-lakh passenger mark

MUMBAI, Jan 15: Adani Group-backed Navi Mumbai International Airport on Thursday said it has crossed the 1-lakh passenger mark within 19 days of the start of the commercial flight operations from the facility. As of January 12, the airport handled a total of 1,09,917 passengers, comprising 55,934 arriving and 53,983 departing passengers. January 10 was recorded as the busiest day when 7,345 passengers departed and arrived at the facility, Navi Mumbai International Airport Ltd said. – PTI

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 17 JANUARY 2026

# हिंडन एयरपोर्ट पर यात्री नहीं बना सकेंगे वीडियो

माई सिटी रिपोर्टर

**सुरक्षा के मद्देनजर फोटो लेने पर भी लगाया प्रतिबंध**

**प्रवेश द्वार से रनवे तक बढ़ाई जाएगी सुरक्षा व्यवस्था**

**साहिबाबाद।** हिंडन एयरपोर्ट से सफर करने वाले लोग अब फ्लाइट से एयरपोर्ट का नजारा कैमरे में कैद नहीं कर सकेंगे। एयरफोर्स स्टेशन की सुरक्षा को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। विमान के उड़ान भरने पर उससे कोई वीडियो और फोटो न लिया जाए। इसकी जिम्मेदारी एयरलाइंस को दी जाएगी। इसके अलावा ऐसा करने वालों पर भी कार्रवाई की जा सकती है। बीते दिनों हिंडन एयरपोर्ट के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। इस पर एयरफोर्स के अधिकारियों ने आपत्ति जताई है।

एयरपोर्ट सुरक्षा प्रभारी एसीपी श्वेता कुमारी ने बताया कि एयरफोर्स स्टेशन की सुरक्षा के लिए ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी एयरलाइंस कंपनियों को भी जानकारी दी गई है। हिंडन एयरपोर्ट से प्रतिदिन 21 शहरों के लिए विमान उड़ते हैं। वर्तमान में कोहरे की वजह से कुछ उड़ानों को स्थगित किया गया है जो फरवरी से दोबारा संचालित हो जाएंगी। एयरपोर्ट से प्रतिदिन दो हजार से अधिक लोग आवाजाही करते हैं। हाल ही में भारतीय विमानपत्तन की ओर से जारी सर्वे रिपोर्ट में हिंडन एयरपोर्ट को देश का सर्वाधिक तेजी से बढ़ने वाला एयरपोर्ट बताया गया। ऐसे में यहां सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता की जाएगी। एयरपोर्ट निदेशक डॉ. चिलका महेश ने बताया कि यात्रियों को फोटो व वीडियो न लेने के लिए प्रवेश के वक्त ही चेताया जाता है। एयरपोर्ट परिसर में अनाउंसमेंट भी कराई जा रही है।




### 150 से अधिक पुलिसकर्मी रहते हैं तैनात

हिंडन एयरपोर्ट पर सुरक्षाकर्मी बढ़ाए जाने की मांग एयरपोर्ट प्रबंधन ने की है। वर्तमान में यहां करीब 150 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात हैं। करीब 100 और पुलिसकर्मियों की मांग की गई है, ताकि व्यवस्थाएं और दुरुस्त की जाएं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 17 JANUARY 2026

# नोएडा एयरपोर्ट को फरीदाबाद-गुरुग्राम से जोड़ेगी नमो भारत

## *केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय को हरी झंडी के लिए भेजा नया प्लान, गाजियाबाद के मेरठ मोड़ से गौड़ सिटी, परी चौक होते हुए नोएडा एयरपोर्ट तक जाएगी रैपिड रेल*

अमर उजाला नेटवर्क

**यमुना सिटी।** अब हाई स्पीड नमो भारत (रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) ट्रेन को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से यमुना सिटी, ग्रेटर नोएडा, सूरजपुर, गौड़ सिटी और गाजियाबाद होते हुए दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम तक चलाने की तैयारी है। इससे नोएडा एयरपोर्ट पूरे दिल्ली-एनसीआर से जुड़ जाएगा। यमुना प्राधिकरण ने एयरपोर्ट से गाजियाबाद तक करीब 72.44 किमी के रैपिड ट्रांजिट सिस्टम की नई डीपीआर केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय को भेज दी है।

प्रस्ताव में नोएडा हवाई अड्डे से गाजियाबाद तक एलिवेटेड ट्रैक बनाने का प्लान है। गाजियाबाद के मेरठ मोड़ के मौजूदा स्टेशन से इसे जोड़ते हुए सिद्धार्थ विहार से ग्रेनो नोएडा वेस्ट के चार मूर्ति चौक, नॉलेज पार्क-5, पुलिस लाइन, सूरजपुर, अल्फा-1 से यमुना सिटी के सेक्टर-18 व 21 होते हुए एयरपोर्ट तक जोड़ने की योजना है। इसमें नोएडा एयरपोर्ट पर 1.1 किमी ट्रैक अंडरग्राउंड बनेगा। पूरे रूट में 22 स्टेशन बनेंगे। इसमें 11 नमो भारत व 11 स्टेशन मेट्रो के लिए होंगे।

नई डीपीआर के अनुसार इसकी लागत 20,360.25 करोड़ रुपये आने का अनुमान है। परियोजना पांच वर्ष में पूरी होगी। गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट के लिए प्रस्तावित कॉरिडोर नमो भारत ट्रेन के माध्यम से गुरुग्राम-फरीदाबाद-नोएडा कॉरिडोर से सूरजपुर में मिलेगा। हरियाणा सरकार ने गुरुग्राम-फरीदाबाद-नोएडा तक आरआरटीएस कॉरिडोर प्रस्तावित किया है। सूरजपुर में नमो भारत का जंक्शन बनेगा। इससे एयरपोर्ट दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, गुरुग्राम समेत फरीदाबाद से जुड़ जाएगा।




### यहां-यहां जुड़ेगी नमो भारत

नए प्रस्ताव के मुताबिक नमो भारत ट्रेन चार मूर्ति चौक पर एक्वा लाइन मेट्रो से मिलेगी। वर्तमान में एक्वा लाइन मेट्रो सेक्टर-51 से चार मूर्ति गोल चक्कर होते हुए नॉलेज पार्क-5 तक जाएगी। यहां से मेट्रो नमो भारत के कॉरिडोर में चल सकेगी। अब अलग से चार मूर्ति चौक से नॉलेज पार्क-5 तक मेट्रो नहीं चलानी पड़ेगी।

### पहले सराय काले खां से जोड़ने का था प्रस्ताव

नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ने गाजियाबाद के मेरठ मोड़ से नोएडा एयरपोर्ट तक नमो भारत ट्रेन चलाने का सुझाव दिया है। कुछ दिन पूर्व दिल्ली के सराय काले खां से नोएडा एयरपोर्ट तक नए कॉरिडोर के का प्रस्ताव दिया गया था जो पास नहीं हुआ। अब दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर में गाजियाबाद से एयरपोर्ट को जोड़ने की परियोजना तैयार की गइ है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

**Corporate Communications Directorate**

DAINIK BHASKAR | DELHI | 17 JANUARY 2026

**दिल्ली** • न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री, औसत एक्यूआई 350

# कोहरे ने 50 से अधिक ट्रेनों की रफ्तार थामी, 80 से ज्यादा उड़ानें भी प्रभावित

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली में लोगों को ठंड, कोहरे और प्रदूषण के ट्रिपल अटैक का सामना करना पड़ रहा है। ठंड के कारण शुक्रवार सुबह दिल्ली घने कोहरे की चादर में लिपटी रही। कोहरे की वजह से 80 से अधिक उड़ानें और 50 से अधिक ट्रेनें प्रभावित हुईं। वहीं, प्रदूषण भी खराब श्रेणी में पहुंच गया है। शुक्रवार सुबह दिल्ली का औसत एक्यूआई 350 रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री और अधिकतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सफदरजंग 4.3 डिग्री, पालम में 4.7 डिग्री, लोदी रोड में 6.0 डिग्री, रिज में 4.3 डिग्री, आयानगर में 4.3 डिग्री, राजघाट में 7.4 डिग्री, मयूर विहार में 7.2 डिग्री सेल्सिसय न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। सुबह 6 बजे कोहरे में पालम में 800 एमएम और सफदरजंग में 700 एमएम विजिबिलिटी दर्ज की गई। सुबह 7 बजे पालम में 350 एमएम विजिबिलिटी देखी गई। 7:30 बजे कोहरा और बढ़ गया और विजिबिलिटी घटकर 150 एमएम रह गई। कर्तव्य पथ, मोती नगर, अक्षरधाम मंदिर आदि इलाके घने कोहरे की चपेट में घिरे नजर आए।

## आईजीआई एयरपोर्ट ने जारी की एडवाइजरी



घने कोहरे को देखते हुए आईजीआई एयरपोर्ट की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी एयरलाइंस से ताजा फ्लाइट स्टेटस की जानकारी लेकर ही एयरपोर्ट पहुंचें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DESHBANDHU DELHI 17 JANUARY 2026

# गाजियाबाद से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक दौड़ेगी नमो भारत, आरआरटीएस से मिलेगी नई उड़ान

**ग्रेटर नोएडा,**16 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को एनसीआर के प्रमुख शहरों से तेज और सीधी रेल कनेक्टिविटी देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। गाजियाबाद से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) से जोड़ने के प्रस्ताव पर नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एनसीआरटीसी) ने सहमति दे दी है। इसके तहत गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार से एयरपोर्ट तक नमो भारत ट्रेन चलाई जाएगी।

यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण लंबे समय से एयरपोर्ट को आरआरटीएस नेटवर्क से जोड़ने का प्रयास कर रहा था। पहले दिल्ली के सराय काले खां से एयरपोर्ट तक कॉरिडोर का प्रस्ताव था, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। अब दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के विस्तार के रूप में गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट को जोड़ने पर अंतिम सहमति बन गई है और इसकी संशोधित डीपीआर भी तैयार कर ली गई है।

### 72.44 किमी लंबा कॉरिडोर, 22 स्टेशन प्रस्तावित

इस प्रस्तावित रूट पर कुल 72.44 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड ट्रैक बनेगा। इसमें से करीब 1.1 किलोमीटर ट्रैक एयरपोर्ट क्षेत्र में भूमिगत (अंडरग्राउंड) होगा। पूरे कॉरिडोर पर 22 स्टेशन



- **72 किमी का एलिवेटेड कॉरिडोर, सूरजपुर बनेगा ट्रांजिट हब**
- **गुड़गांव-फरीदाबाद की भी सीधे एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी**

प्रस्तावित किए गए हैं, जिनमें 11 नमो भारत ट्रेन के और 11 मेट्रो स्टेशन होंगे। इससे यात्रियों को इंटरचेंज की बेहतर सुविधा मिलेगी और एनसीआर के विभिन्न हिस्सों से एयरपोर्ट तक पहुंच आसान होगी।

### लागत घटी, निर्माण में लगेंगे पांच साल

परियोजना की अनुमानित लागत में भी कमी आई है। पहले जहां इस कॉरिडोर पर करीब 20,637 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान था, वहीं संशोधित डीपीआर के बाद लागत घटकर 20,360.25 करोड़ रुपए रह गई है। अधिकारियों के अनुसार, निर्माण कार्य पूरा होने में लगभग पांच साल का समय लगेगा।

### सूरजपुर बनेगा बड़ा ट्रांजिट हब

इस परियोजना की एक और अहम कड़ी हरियाणा सरकार द्वारा प्रस्तावित गुड़गांव-फरीदाबाद-नोएडा आरआरटीएस कॉरिडोर है, जो सूरजपुर तक आएगा। गाजियाबाद-एयरपोर्ट और गुड़गांव-फरीदाबाद-नोएडा कॉरिडोर के मिलने से सूरजपुर एक बड़ा ट्रांजिट हब के रूप में विकसित होगा। इससे गुड़गांव और फरीदाबाद जैसे शहरों की भी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सीधी कनेक्टिविटी सुनिश्चित हो जाएगी।

### मेट्रो और पॉड टैक्सी योजनाओं में भी बदलाव

इसके अलावा एक्वा लाइन मेट्रो को सेक्टर-51 से चार मूर्ति चौक होते हुए नॉलेज पार्क-5 तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। वहीं, फिल्म सिटी से नोएडा एयरपोर्ट तक प्रस्तावित पॉड टैक्सी योजना को अब लाइट मेट्रो के अनुरूप डिजाइन किया जाएगा, ताकि परियोजना की लागत कम हो और संचालन अधिक व्यावहारिक बन सके।

यीडा के एसीईओ शैलेंद्र भाटिया के अनुसार, इन सभी परियोजनाओं के पूरा होने के बाद एनसीआर के अधिकांश शहरों से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक सीधी, तेज और विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी, जिससे न सिर्फ यात्रियों को सुविधा मिलेगी बल्कि पूरे क्षेत्र के आर्थिक और औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

THE FINANCIAL EXPRESS DELHI 17 JANUARY 2026

## GMR's Delhi airport traffic dips 1.9% in FY26

GMR Airports reported a 1.9% year-on-year decline in passenger traffic at its flagship Indira Gandhi International Airport (DEL) for the first nine months of the current fiscal due to year runway upgrade and airspace closure.

FE BUREAU

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 17 JANUARY 2026

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अलावा गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद तक आना-जाना आसान होगा

# सूरजपुर में नमो भारत का जंक्शन बनेगा

प्रोजेक्ट अपडेट

**ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता।** गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार और गुरुग्राम से फरीदाबाद होकर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक चलने वाली दोनों नमो भारत ट्रेन परियोजना का ग्रेटर नोएडा के सूजरपुर में जंक्शन बनेगा। सूजरपुर में दोनों लाइनें आपस में जुड़ेंगी।

यह निर्णय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार (महुआ) और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) की बैठक में हुआ। फिलहाल इसके वित्तीय मॉडल पर मुहर लगना बाकी है। नोएडा एयरपोर्ट तक गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार से नमो भारत और मेट्रो के 72.4 किलोमीटर ट्रैक की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार है। हालांकि, पूर्व में नमो भारत को दिल्ली सराय काले खां से जोड़कर चलाने पर मंथन हुआ था, लेकिन अब गाजियाबाद से ही इसे एयरपोर्ट तक अंतिम रूप दिया जाएगा। यह 71.3 किलोमीटर ट्रैक एलिवेटेड और 1.1 किलोमीटर भूमिगत होगा।

इस ट्रैक पर 22 स्टेशन बनेंगे, जिनमें 11 नमो भारत और 11 मेट्रो के होंगे। यह रूट दो हिस्सों में तैयार होगा। पहला गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार से शुरू होकर चार मूर्ति होते हुए इकोटेक-6 और दूसरा इकोटेक-6 से यमुना सिटी के सेक्टर-17, 18 व 21 (फिल्म सिटी) होते हुए नोएडा एयरपोर्ट तक जाएगा। डीपीआर को उत्तर प्रदेश सरकार ने सैद्धांतिक सहमति देते हुए नवंबर 2024 में महुआ को भेजा। गत 29 दिसंबर को दिल्ली में अर्बन ट्रांसपोर्ट की बैठक हुई। बैठक में महुआ, एनसीआरटीसी, नायल के अधिकारी शामिल हुए थे। बैठक में महुआ की तरफ से बताया गया कि गुरुग्राम से फरीदाबाद होते हुए ग्रेनो तक 60 किलोमीटर लंबा ट्रैक प्रस्तावित है, जो सूरजपुर में पूरा होगा। ऐसे में सूरजपुर को ऐसे स्टेशन के रूप में विकसित किया जाए, जहां से लोग आसानी से गाजियाबाद, गुरुग्राम-फरीदाबाद और नोएडा एयरपोर्ट आ-जा सकेंगे। केंद्र सरकार खर्च को लेकर हिस्सेदारी तय करेगी। गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक 72.4 किलोमीटर ट्रैक पर नमो भारत और मेट्रो चलाने की परियोजना पर कुल 20,360.25 करोड़ खर्च होंगे।

### गाजियाबाद और गुरुग्राम से आ रहीं लाइनें जुड़ेंगी




### गोलाकार ट्रैक बनेगा

गाजियाबाद और गुरुग्राम फरीदाबाद नोएडा की नमो भारत ट्रेन को जोड़ने पर विचार चल रहा है। दिल्ली से गुरुग्राम और गुरुग्राम से फरीदाबाद होकर नोएडा एयरपोर्ट तक नमो भारत का खाका तैयार हो रहा है। नक्शे में देखा जाए तो ट्रैक एक रिंग यानी गोलाकार आकृति का होगा।

" नमो भारत गाजियाबाद से ही एयरपोर्ट तक सीधे चलेगी। वहीं, गुरुग्राम-फरीदाबाद होकर ग्रेनो तक इसे चलाने की तैयारी है। इसे भी सूरजपुर में जोड़ा जाएगा।

**-शैलेंद्र भाटिया**, एसीईओ, यीडा

THE HINDUSTAN TIMES DELHI 17 JANUARY 2026

# Delays feared as 1 of 4 IGIA runways to close till June

Neha LM Tripathi
letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** Delhi airport will likely shut its third runway, called 11R/29L, starting mid-February for at least four months. The closure is part of the latest infrastructure upgrade at the country's busiest airport and will coincide with the summer travel rush.

Officials who asked not to be named said authorities have coordinated extensively to avoid the chaos that erupted during similar work last year, when thousands of flights were delayed and the upgrade had to be abandoned.

However, industry veterans raised concerns about the timing and whether the planning will prove adequate. "Though runway and ILS works are necessary, with ongoing Flight Duty Time Limit issues, the government could consider scheduling the repairs at a more convenient time, as this may result in some slot changes during the current winter schedule," an industry veteran said.

A meeting on the planned work was held at the Union civil aviation ministry on Thursday, where officials discussed a detailed plan for runway repairs. This will include replacement of instrument landing system (ILS) equipment at both ends of the runway, resurfacing, construction of a new rapid exit taxiway (RET), and extension of the drainage system at the runway end safety area (RESA).

→P5

## DGCA says it's engaging with IndiGo for passenger refunds

**NEW DELHI:** IndiGo has processed refunds to all passengers affected by flight cancellations between December 3 and 5, aviation safety regulator DGCA said on Friday.

"Directorate General of Civil Aviation (DGCA) is constantly engaging with domestic carrier IndiGo with respect to refunds and compensations provided to the affected passengers due to operational disruptions from December 3-5," it said.

Further, as an additional measure to support affected passengers, the airline has extended a "gesture of care under which two travel vouchers of ₹5,000 each are being provided with a validity of 12 months". **PTI**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE HINDUSTAN TIMES DELHI 17 JANUARY 2026

# IGI plans 4-month runway shutdown for key upgrades

**Neha LM Tripathi**
letters@hindustantimes.com




**NEW DELHI:** Delhi airport will likely shut its third runway, 11R/29L, starting mid-February for at least four months. The closure is part of the latest infrastructure upgrade at the country's busiest airport and will coincide with the summer travel rush.

According to officials who asked not to be named, authorities have coordinated extensively to avoid the chaos that erupted during similar work last year, when thousands of flights were delayed and the upgrade works had to be abandoned.

However, some industry veterans have raised concerns about the timing and whether the planning will prove adequate. "Though runway and ILS works are necessary, with ongoing Flight Duty Time Limit (FDTL) issues, the government could consider scheduling the repairs at a more convenient time, as this may result in some slot changes during the current winter schedule," an industry veteran said.

A meeting on the planned works was held at the Union civil aviation ministry on Thursday, where officials discussed a detailed plan for runway repairs. This will include replacement of instrument landing system (ILS) equipment at both ends of the runway, resurfacing, construction of a new rapid exit taxiway (RET), and extension of the drainage system at the runway end safety area (RESA).

Last year, two separate runway closure attempts exposed critical coordination gaps in India's aviation ecosystem. At the time, repairs were abandoned before authorities adopted more rigorous stakeholder consultation processes – including the need for the regulator to step in.

While the February-June window comes during the tail end of Delhi's fog season, when low-visibility conditions can already strain operations, it also overlaps with the peak summer travel season. "The work may begin from February 16 and continue until the end of June," an official said. "The target is to complete the work before the monsoon. Pending final clearances, repair work is expected to be done in time."

In recent days, the ministry has conducted a series of meetings. "The ministry, along with the DGCA [Directorate General of Civil Aviation], AAI [Airports Authority of India] and airlines has held continuous discussions on the runway work and ILS upgradation since December. Detailed deliberations on the impact on capacity during the closure of RWY 11R/29L have also been carried out," a second official said, requesting anonymity.

Runway 11R/29L, commissioned in 2008, underwent minor rehabilitation works in 2017.

A third official said detailed discussions with airlines have resulted in a rough estimate of operational changes: the airport is expected to handle around 1,515 aircraft movements daily during the closure period. Delhi airport currently handles about 1,550 flights daily when all four runways are operational.

During the April 2025 closure of runway 28/10, the airport handled approximately 200 fewer flights daily — dropping from over 1,200 flights to around 1,000. When work resumed in June 2025, Delhi International Airport Ltd (DIAL) cancelled 114 flights daily and rescheduled another 86 to non-peak hours.

This year, the airport will maintain its hourly arrival capacity of 38 movements per hour from 6am to 11pm during the closure, a ministry official assured. "The departure schedule has been adjusted to match arrivals and existing slots. Overall, the runways can handle the same number of flights, so no reduction in daily flights is expected," the official added.

Another official said the remaining three runways — the capital's airport has four – will be reconfigured to balance out the extra load from the closed runway. "Runway 29R will be operated in mixed mode. However, runway 28 will only be used for departure flights and runway 27 will only be used for arrivals," this person said.

In other words, with runway 11R/29L closed, a parallel runway — 29R/11L, the airport's newest runway operational since 2023 — will operate in mixed mode, handling both arrivals and departures. Runway 28/10, which underwent its own upgrade work in 2025, will be dedicated exclusively to departures, while runway 27/09 will handle arrivals.

For this year, the meetings covered last year's experience.

"Airlines have been advised to plan carefully, keeping in mind easterly mode limitations, and to adhere to the decided hourly aircraft movements. The ministry will closely monitor airlines and conduct monthly performance reviews," the first official quoted above added.

Easterly mode refers to when winds blow from the east, meaning aircraft must take off and land heading eastward. The easterly mode is a problem at Delhi airport because the runway configuration and taxiway layout are optimised for westerly operations that prevail for most of the year.

THE TIMES OF INDIA AHMEDABAD 16 JANUARY 2026

# 5,000+ kites removed from airport



Over the past few days, at least 5,000 kites were removed from the runway, taxiways, apron, and other critical airside zones of the Ahmedabad airport. Officials said that even a single stray kite or thread poses a serious hazard to aircraft during take-off and landing. Teams of 10–12 trained personnel from airside operations and BVG divisions were deployed in rotating shifts to continuously patrol these areas to spot and clear any kite, string, or debris. Airport officials said the task was particularly demanding this year due to sustained kite flying across the city, increasing the chances of loose kites and manja drifting into the airport's operational area. Flight operations remained uninterrupted. TNN

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 17 JANUARY 2026

# इंडिगो की मुंबई-क्राबी फ्लाइट में देरी पर यात्रियों का हंगामा

मुंबई। मुंबई से क्राबी जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट में तीन घंटे से अधिक की देरी होने से चालक दल के सदस्यों और यात्रियों के बीच तीखी बहस हो गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खासा वायरल हो रहा है। इसमें यात्री चालक दल के सदस्यों पर गुस्सा जाहिर करते दिख रहे हैं। यात्रियों ने आरोप लगाया कि फ्लाइट में देरी को लेकर उन्हें कोई जानकारी नहीं दी गई। वहीं, इंडिगो ने शुक्रवार को कहा, दो यात्रियों ने गलत बर्ताव किया। क्राबी जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई1085 शुरू में मुंबई से लेट हुई। इसकी कई वजहें जैसे आने वाले एयरक्राफ्ट का देर से आना, एयर ट्रैफिक जाम रही । फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के मुताबिक, इंडिगो की फ्लाइट 6ई1085 सुबह 4.05 बजे मुंबई से रवाना होनी थी, लेकिन यह सुबह 7.45 बजे रवाना हुई। बता दें कि बीते साल दो दिसंबर से नौ दिसंबर के बीच देश भर में हर दिन इंडिगो की सैकड़ों फ्लाइट्स रद्द कर दी गई थी। इससे लाखों यात्री देश भर के हवाई अड्डों पर फंसे रहे। एजेंसी



BUSINESS LINE DELHI 17 JANUARY 2026

# Air India, Singapore Airlines expand partnership

**Aneesh Phadnis**
Mumbai

Air India and Singapore Airlines will enter into a joint business agreement to enhance connectivity and service offerings on flights between India and Singapore.

The business agreement will be akin to a commercial joint venture and will lead to collaboration in flight schedules, pricing, sales and marketing between the two carriers, a source said. On Friday, the two airlines signed a commercial co-operation framework agreement as a first step towards tighter collaboration.

While Singapore Airlines has joint ventures with other carriers (Air New Zealand and Lufthansa), this will be a first such enhanced commercial partnership for Air India.

**LOYALTY PROGRAMMES**

The airlines will also explore plans to progressively enhance privileges beyond current Star Alliance benefits for members of respective loyalty programmes.

Air India and Singapore Airlines obtained regulatory approvals from the Competition and Consumer Commission of Singapore in March 2024.

"We have also completed the necessary self-assessment, as required by Indian regulators," Singapore Airlines said.

Responding to a query on JV, the airline said it will make announcement at an appropriate time.

According to International Air Transport Association, Singapore is third most popular international city destination for India after London and Dubai. Carriers from both sides operate 81 daily (two way) flights between India and Singapore.

**LARGEST AIRLINE**

Singapore Airlines is the largest airline on India-Singapore routes followed by IndiGo and Air India.

"Air India remains committed to expanding its global footprint, both by adding new aircraft to our own fleet and by forging stronger commercial partnerships, especially with our fellow Star Alliance member carriers," said airline's CEO and managing director Campbell Wilson.

Goh Choon Phong, Chief Executive Officer, Singapore Airlines, said, "It is a strategic, win-win collaboration that will strengthen connectivity, support the growth of air travel and tourism, and deepen their long-standing business and people-to-people ties."

BUSINESS STANDARD DELHI 17 JANUARY 2026

# इंडिगो: डीजीसीए ने मुआवजे के मुद्दों पर दिया स्पष्टीकरण

**दीपक पटेल**
नई दिल्ली, 16 जनवरी

**नागर** विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को कहा कि इंडिगो की 3 दिसंबर और 5 दिसंबर के बीच बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द होने और विलंब होने की वजह से प्रभावित यात्रियों को उनका रिफंड मिल गया है और उन्हें इसके अतिरिक्त मुआवजा भी मिलेगा।

एक प्रेस नोट में, डीजीसीए ने कहा कि प्रभावित यात्री विशिष्ट नागरिक उड्डयन नियमों के अनुसार मुआवजे के हकदार हैं। इन नियमों में उन सुविधाओं के बारे में बात की गई है जो रद्द होने और देरी के मामलों में एयरलाइनों द्वारा प्रदान की जानी चाहिए।

डीजीसीए के अनुसार, इंडिगो ने नियामक को सूचित किया है कि '3-5 दिसंबर की अवधि के दौरान इंडिगो की उड़ान रद्द होने के लिए सभी रिफंड की प्रक्रिया पूरी हो गई है और भुगतान के मूल स्रोत को क्लियर कर दिया गया है।'

एयरलाइन ने यह भी बताया है कि जिन यात्रियों की उड़ानें बताए गए तीन दिनों के दौरान तय समय से 24 घंटे के अंदर कैंसिल हुई थीं, वे डीजीसीए नियमों के अनुसार, 'जहां लागू हो', मुआवजे का दावा कर सकते हैं।

कानूनी मुआवजे के ढांचे के अलावा, नियामक ने बताया कि इंडिगो ने यात्रियों के लिए एक और कस्टमर सपोर्ट उपाय शुरू किया है, जिसे 'जेस्चर ऑफ केयर' (जीओसी) कहा जाता है, जो उन यात्रियों के लिए है जो गंभीर व्यवसाय वाली अवधि के दौरान प्रभावित हुए थे। जीओसी पहल के तहत, एयरलाइन 5,000-5,000 रुपये के दो ट्रैवल वाउचर (कुल वैल्यू 10,000 रुपये) मुहैया करा रही है, जिनकी वैधता 12 महीने है। ये वाउचर उन यात्रियों के लिए हैं जिनकी उड़ानें 3 से 5 दिसंबर के बीच रद्द हुईं या 3 घंटे से ज्यादा लेट हुईं।

डीजीसीए ने कहा कि यात्री इंडिगो की वेबसाइट के जरिये अपनी पात्रता चेक कर सकते हैं और अपनी जानकारी सबमिट कर सकते हैं, साथ ही संबद्ध उड़ानों की लिस्ट भी ऑनलाइन पब्लिश कर दी गई है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS STANDARD DELHI 17 JANUARY 2026

# Flyers hit by Dec 3-5 IndiGo disruptions got refunds, says DGCA

**DEEPAK PATEL**
New Delhi, 16 January

The Directorate General of Civil Aviation (DGCA) on Friday stated that passengers affected by IndiGo's large-scale flight cancellations and delays between December 3 and December 5 last year had received their refunds, and would get additional compensation on top of that.

In a press note, the DGCA stated that affected passengers are eligible for compensation in line with specific civil aviation regulations, which talk about facilities that must be provided by airlines in cases of cancellations and delays.

According to the DGCA, IndiGo has informed the regulator that "all refunds for IndiGo flight cancellations during the period of December 3-5 have been fully processed and cleared to the original source of payment".

The airline has also conveyed that passengers whose flights were cancelled within 24 hours of the scheduled departure during the aforementioned three-day-period can also claim compensation, 'where applicable', in accordance with the DGCA regulation.

Beyond the statutory compensation framework, the regulator noted that IndiGo has introduced an additional customer support measure, termed a 'Gesture of Care', for passengers impacted during the peak disruption period.

Under the GoC initiative, the airline is providing "two travel vouchers of ₹5,000 each (total value ₹10,000)" with a validity of 12 months to passengers whose flights were cancelled or delayed by more than three hours between December 3 and December 5.

Passengers can check eligibility and submit their details through IndiGo's website, while the list of eligible flights has also been published online, the DGCA said. The regulator further advised passengers to ensure accurate contact details are provided at the time of booking to enable airlines to communicate schedule changes and provide timely assistance.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS STANDARD DELHI 17 JANUARY 2026

## A-I, Singapore Airlines sign pact

Air India on Friday said it had signed a commercial cooperation framework agreement with Singapore Airlines as part of which the carriers would, among other things, explore ways to improve connectivity between Singapore and India. Singapore Airlines holds a 25.1 per cent stake in the Tata Group-backed airline. This strengthened tie-up allows the airlines to explore ways to improve connectivity between Singapore and India, a statement said. PTI

## Chaos on board IndiGo flight

A Krabi-bound IndiGo flight from Mumbai was delayed for over three hours, leading to altercations between the crew members and passengers. The airlines cited multiple reasons behind the delay in takeoff and said two passengers behaved 'inappropriately', while fliers alleged that there was no communication to them from the airline. PTI

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR DELHI 17 JANUARY 2026

**ओएजी सूची** • दो पायदान की छलांग

# मुंबई-दिल्ली अब दुनिया का छठा सबसे व्यस्त हवाई मार्ग

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

मुंबई-दिल्ली एयर रूट ने दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई मार्गों में छठा स्थान हासिल कर लिया है। यह मार्ग पहले 2025 में सूची में 8वें स्थान पर था। एविएशन और ट्रैवल डेटा विश्लेषक फर्म ओएजी की जनवरी 2026 की लिस्ट में मुंबई-दिल्ली रूट ने दो पायदान की बढ़त हासिल की। ये देश में हवाई यात्रियों की बढ़ती संख्या का संकेत है। ओएजी की रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई-दिल्ली रूट पर जनवरी 2026 में करीब 704,700 सीटें उपलब्ध थीं। खास बात ये है कि ये आंकड़ा दुनिया के सबसे व्यस्त अंतरराष्ट्रीय रूट की 5,52,387 सीटों से भी करीब 28% ज्यादा है। रोजाना करीब 107 उड़ानों वाले इस मार्ग पर यात्रियों को औसतन हर घंटे 4 फ्लाइट उपलब्ध हैं।

## द. कोरिया का जेजू-सोल सबसे व्यस्त हवाई मार्ग

| रैंक | रूट | देश |
|---|---|---|
| 1 | जेजू-सोल | द.कोरिया |
| 2 | हनोई-हो ची मिन्ह सिटी | वियतनाम |
| 3 | सपोरो- टोक्यो (हानेडा) | जापान |
| 4 | फुकुओका-हानेडा | जापान |
| 5 | जेद्दा-रियाद | स. अरब |

## ट्रैवल में बढ़ोतरी, कई सेक्टर को फायदा

*दिल्ली-मुंबई हवाई मार्ग देश का सबसे व्यस्ततम मार्ग है। प्रतिस्पर्धा बढ़ने से यात्रियों को सुविधाएं ज्यादा मिल रही हैं। खास बात ये है कि यात्री संख्या बढ़ने से होटल, एविएशन फूड सप्लाई, लॉजिस्टिक्स, टैक्सी जैसे कई अन्य क्षेत्रों को भी फायदा हो रहा है।*

***- अनिल राधाकृष्णन***

*रिसर्च एनालिस्ट, जियोजीत फाइनेंशियल*

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN DELHI 17 JANUARY 2026

# एअर इंडिया और सिंगापुर एयरलाइंस में समझौते से फ्लाइट शेड्यूल्स होंगे बेहतर

गौतम कुमार मिश्रा • जागरण

- यात्रियों को एक ही टिकट पर दोनों एयरलाइंस की उड़ानों को बुक करने की मिलेगी सुविधा
- समझौते से कनेक्टिंग फ्लाइट्स में कम होगी देरी, यात्रा समय भी घटेगा

नई दिल्ली: सिंगापुर एयरलाइंस की लो कास्ट सब्सिडियरी स्कूट के साथ इंटरलाइन पार्टनरशिप से जुड़े हुए हालिया समझौते को आगे बढ़ाते हुए एअर इंडिया ने सिंगापुर एयरलाइंस के साथ कामर्शियल कोआपरेशन फ्रेमवर्क एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया है।

एअर इंडिया के सीईओ और एमडी कैंपबेल विल्सन और सिंगापुर एयरलाइंस के सीईओ गोह चून फोंग ने इस समझौते पर दस्तखत किए। नियामकीय मंजूरियों के बाद यह ज्वाइंट बिजनेस एग्रीमेंट की दिशा में आगे बढ़ेगा, जिससे दोनों प्रमुख एयरलाइंस के यात्रियों को इसका मिलेगा।

यह समझौता यात्रियों के लिए कई नई सुविधाएं लाएगा। दोनों एयरलाइंस के फ्लाइट शेड्यूल्स बेहतर होंगे, जिससे कनेक्टिंग फ्लाइट्स में देरी कम होगी और यात्रा समय घटेगा। यात्रियों को अब एक ही टिकट पर एअर इंडिया और सिंगापुर एयरलाइंस की उड़ानों को बुक करने की सुविधा मिलेगी।

**लायल्टी प्रोग्राम्स का होगा फायदा:** इस समझौते से दोनों एयरलाइंस के यात्रियों को लायल्टी प्रोग्राम्स में भी बड़ा फायदा होगा। महाराजा क्लब और क्रिसफ्लायर के सदस्य अब दोनों एयरलाइंस पर माइल्स कमाकर रिडीम कर सकेंगे। समझौते के तहत स्टार अलायंस के मौजूदा लाभों से आगे बढ़कर प्रायोरिटी चेक-इन, एक्स्ट्रा बैगेज अलाउंस और प्रमुख एयरपोर्ट लाउंजेस जैसी अतिरिक्त सुविधाएं मिलेंगी। खासकर फ्रीक्वेंट फ्लायर्स और बिजनेस ट्रैवलर्स के लिए यह बहुत उपयोगी होगा।

# AI, SIA Expand Commercial Partnership

Our Bureau

**New Delhi:** Tata Group-owned Air India and Singapore Airlines (SIA) are signing a joint business agreement to enhance connectivity and service offerings on flights between India and Singapore.

The pact could include expanding both carriers' corporate travel programmes, a source of high-yield revenue for airlines. The agreement is subject to regulatory approvals and the signing of definitive agreements, according to the airlines.

SIA holds a 25% stake in Air India.

The pact paves the way for both carriers to forge a partnership on the principle of aircraft neutrality wherein revenues or profits are shared on a predetermined basis on select routes, decoupled from the specific airline flying a passenger.

Air India and SIA said they are also planning to explore opportunities to broaden the scope of their cooperation in select markets, beyond Singapore and India, subject to regulatory approvals.

Such an agreement would help the carriers take on deep-pocketed Gulf carriers on North America and Australia routes.

"Air India remains committed to expanding its global footprint, both by adding new aircraft to our own fleet and by forging stronger commercial partnerships, especially with our fellow Star Alliance member carriers," said Campbell Wilson, Air India's CEO and managing director.

THE ECONOMIC TIMES DELHI 17 JANUARY 2026

# All Passengers Hit by Disruptions Refunded, IndiGo Informs DGCA

**Mumbai:** IndiGo has processed refunds to all passengers affected by flight cancellations between December 3 and 5, aviation safety regulator DGCA said on Friday.

"IndiGo informed that all refunds for IndiGo flight cancellations during the period of December 3rd to December 5 have been fully processed and cleared to the original source of payment," DGCA said in a statement.

As an additional measure to support affected passengers, the airline has extended a "gesture of care under which two travel vouchers of ₹5,000 each are being provided with a validity of 12 months".

Passengers are entitled to compensation as per DGCA rules that relate to "facilities" that are to be provided to passengers by airlines due to "denied boarding, cancellation of flights and delays in flights".

On December 9, aviation minister K Rammohan Naidu told Parliament that "IndiGo was ordered to issue refunds promptly and more than ₹750 crore has already reached passengers". PTI

HINDUSTAN DELHI 17 JANUARY 2026

# इंडिगो विमान तीन घंटे लेट, यात्रियों और क्रू में बहस

मुंबई। मुंबई से थाईलैंड के क्राबी जा रहे इंडिगो विमान के तीन घंटे देर होने चलते यात्री और क्रू सदस्य आमने- सामने हो गए। दो यात्रियों ने बताया कि कंपनी ने देरी का कारण नहीं बताया। वहीं इंडिगो का कहना है कि यात्रियों को देरी के कई कारण बताए गए थे। दो यात्रियों ने बहुत गलत व्यवहार किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें दिख रहा है कि देरी से नाराज यात्री विमान के क्रू सदस्यों पर गुस्से में चिल्ला रहे हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 17 JANUARY 2026

# मुआवजे के लिए इंडिगो यात्री दावा करें

**सुविधा**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** डीजीसीए ने शुक्रवार को बताया कि इंडिगो एयरलाइंस की तीन से पांच दिसंबर 2025 के बीच रद्द और देरी से चली उड़ानों से प्रभावित सभी यात्रियों का टिकट रिफंड पूरी तरह से उनके खाते में वापस कर दिया गया है।

जिन यात्रियों की उड़ानें निर्धारित समय से 24 घंटे के भीतर रद्द की गई थीं, वे सभी नियमों के तहत मुआवजे के हकदार हैं। नागर विमानन महानिदेशालय ने कहा कि ऐसे यात्रियों को रिफंड के अतिरिक्त मुआवजा पाने के लिए क्लेम (दावा) करना होगा।

## दिए गए लिंक पर चेक करें दावा व पात्रता

प्रभावित यात्री https://www.goindigo.in/compensation.html और https://www.goindigo.in/information/goc-impacted-flights.html को गूगल पर लिख कर दिए गए लिंक पर जाए और फिर अपनी पात्रता को देखें। उसके बाद वाउचर पाने के लिए आवेदन करें।

डीजीसीए ने बताया है कि इंडिगो ने प्रभावित यात्रियों की मदद के लिए एक अतिरिक्त सुविधा भी दी है, जिसे जेस्चर ऑफ केयर कहा गया है। इसके तहत पांच हजार के दो ट्रैवल वाउचर दिए जाएंगे यानी कुल 10 हजार रुपये का वाउचर दिया जाएगा। वाउचर की वैधता 12 महीने होगी। यह सुविधा उन यात्रियों को मिलेगी जिनकी उड़ानें 3 से 5 दिसंबर के बीच रद्द हुई या तीन घंटे से ज्यादा देरी से उड़ान भरी। ऐसे यात्री मुआवजा पाने के लिए दावा करने के हकदार होंगे। इसके लिए यात्री इंडिगो की वेबसाइट पर जाकर अपनी पात्रता चेक कर सकते हैं और फिर वाउचर के लिए आवेदन कर सकते हैं। इंडिगो ने उन सभी उड़ानों की सूची भी जारी कर दी है जो इस योजना के तहत आती हैं। वहीं, डीजीसीए ने यात्रियों से अपील की है कि टिकट बुक करते समय अपना सही मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी जरूर दें।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 17 JANUARY 2026

# ईरान से व्यावसायिक उड़ानें जारी, जिनसे वतन वापसी भी संभव

■ भारतीय विदेश मंत्रालय ने चाबहार परियोजना पर बताया कि अमेरिकी 'सशर्त प्रतिबंध छूट' को लेकर बातचीत जारी

नई दिल्ली, वि.सं.। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि ईरान से भारत के लिए व्यावसायिक उड़ान जारी हैं, जिसका इस्तेमाल लोग देश वापसी के लिए कर सकते हैं। हालांकि मंत्रालय ने कहा कि सरकार नागरिकों की हरसंभव मदद के लिए तैयार है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जैसवाल ने कहा, वहां करीब नौ हजार भारतीय रह रहे हैं, जिनमें ज्यादातर छात्र हैं। भारतीय दूतावास लोगों से संपर्क बनाए हुए है तथा एडवाइजरी भी जारी की है। बिगड़ते हालात के मद्देनजर उन्हें तत्काल ईरान छोड़ने को कहा गया है।

ईरान की स्थिति के मद्देनजर चाबहार पोर्ट को लेकर भी विदेश मंत्रालय ने स्थिति साफ की। इस पर एक सवाल के जवाब में जैसवाल ने कहा कि 28 अक्तूबर, 2025 को अमेरिकी वित्त विभाग ने एक पत्र जारी कर 26 अप्रैल, 2026 तक मान्य सशर्त प्रतिबंध छूट के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए थे। हम इस व्यवस्था को अंतिम रूप देने के लिए अमेरिकी पक्ष के साथ बातचीत कर रहे हैं। इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड के बोर्ड में शामिल सभी भारतीय सरकारी अधिकारियों ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। संभवतः ये कदम अमेरिकी कार्रवाई से बचाने के लिए उठाया गया है।

ईरान में फंसे 10 नाविकों पर जैसवाल ने कहा कि ईरान सरकार से बातचीत चल रही है। भारत ने राजनयिक पहुंच की मांग की है।

THE HINDUSTAN TIMES DELHI 17 JANUARY 2026

# 'IndiGo passengers hit by disruptions repaid'

**HT Correspondent**
letters@hindustantimes.com

**MUMBAI:** IndiGo has processed refunds to all passengers affected by flight cancellations between December 3 and 5, aviation safety regulator DGCA said on Friday.

"Directorate General of Civil Aviation (DGCA) is constantly engaging with domestic carrier IndiGo with respect to refunds and compensations provided to the affected passengers due to operational disruptions from December 3-5," it said.

"IndiGo informed that all refunds for IndiGo flight cancellations during the period of December 3rd to December 5 have been fully processed and cleared to the original source of payment," the regulator said in a statement.

Passengers are entitled to compensation as per DGCA regulations that relate to "facilities" that are to be provided to passengers by airlines due to "denied boarding, cancellation of flights and delays in flights".

Meanwhile passengers' complaints regarding non-receipt of refunds for "the hundreds of flights cancelled abruptly between December 2-9 by the airline continue pouring in on the social media.

"Hey @IndiGo6E, I received an email to submit details for a flight cancellation in Dec to get a 5K refund per flight. It's been 10+ days since I submitted everything, but still no refund. Support hasn't been helpful. Please look into this urgently," a passenger said in a post on X, with a hashtag #RefundDelay, on Friday.

"Looking to connect with lawyers who have filed or are filing lawsuits against @IndiGo6E for the recent flight disruptions. Despite severe delays/ cancellations, I still have not received my refund," said another passenger in an X post on Thursday.

On December 9, civil aviation minister K Rammohan Naidu had told Parliament that "IndiGo was ordered to issue refunds promptly and more than ₹750 crore has reached passengers".

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

JANSATTA DELHI 17 JANUARY 2026

## इंडिगो संकट : रद्द हुई सभी उड़ानों के टिकट की लौटाई गई राशि

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 16 जनवरी।

विमानन नियामक ने शुक्रवार को कहा, इंडिगो एअरलाइन ने पिछले साल 3-5 दिसंबर के बीच रद्द हुई सभी उड़ानों के निरस्त टिकटों की रकम लौटाने का दावा किया है।

डीजीसीए ने एक पत्र में कहा, इसके अलावा जिन यात्रियों की उड़ानें इंडिगो संकट के दौरान निर्धारित प्रस्थान समय के 24 घंटे के भीतर रद्द कर दी गईं और जिनपर लागू हो, मुआवजे का दावा कर सकते हैं। इंडिगो ने एक अतिरिक्त उपायों की भी घोषणा की है। इसके तहत, पांच हजार रुपए के दो ट्रैवल वाउचर भी दिए जा रहे हैं, जिसकी वैधता एक वर्ष होगी। यह उन यात्रियों पर लागू है जिनकी उड़ानें 3-5 दिसंबर 2025 के दौरान रद्द कर दी गईं या तीन घंटे से ज्यादा विलंबित हो गई थीं।

LOKSATYA DELHI 17 JANUARY 2026

# वाणिज्यिक सहयोग बढ़ायेंगी एयर इंडिया और सिंगापुर एयरलाइंस

नई दिल्ली,एजेंसी। टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने सिंगापुर एयरलाइंस के साथ वाणिज्यिक सहयोग बढ़ाने के लिए शुक्रवार को एक फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किये। इस फ्रेमवर्क समझौते में सहयोग बढ़ाने संबंधी मोटी-मोटी बातें तय की गयी हैं तथा अंतिम समझौता बाद में किया जायेगा। सिंगापुर एयरलाइंस की एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी है। एयर इंडिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह समझौता दोनों एयरलाइंस के लिए निर्णायक संयुक्त व्यावसायिक समझौतों के माध्यम से लंबे समय से चली आ रही साझेदारी को और गहरा करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन और सिंगापुर एयरलाइंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोह चून फोंग ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किये। नियामक मंजूरियों और अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर के बाद दोनों एयरलाइंस का फोकस उत्पाद और सेवा पेशकशों का विस्तार पर होगा ताकि यात्रियों को निर्बाध संपर्क और अधिक विकल्प उपलब्ध हो सकें। ग्राहक दोनों एयरलाइंस की उड़ानों में एक ही एकीकृत यात्रा के अंतर्गत बुकिंग करा सकेंगे। इस समझौते के तहत एयर इंडिया और सिंगापुर एयरलाइंस उड़ानों के समय में अधिक समन्वय अधिक समन्वय के विकल्प भी तलाशेंगी। कॉर्पोरेट यात्रियों के लिए दोनों एयरलाइंस अधिक पारस्परिक भागीदारी भी कर सकती हैं। एयर इंडिया ने बताया कि योजनाओं के अंतिम रूप देने के बाद आगे के विवरण की घोषणा की जायेगी। दोनों एयरलाइंस सिंगापुर और भारत से परे चुनिंदा बाजारों में अपने सहयोग के दायरे को व्यापक बनाने के अवसरों की भी खोज करने की योजना बना रही हैं। इससे वैश्विक संपर्क की बढ़ती मांग को पूरा करने, दोनों एयरलाइनों के हब्स के माध्यम से यातायात प्रवाह को समर्थन देने, और भारत तथा सिंगापुर के हवाई यात्रा बाजारों को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। वर्तमान में दोनों एयरलाइंस 20 देशों और क्षेत्रों में 61 गंतव्यों पर कोडशेयर करती हैं। अक्टूबर 2024 में उन्होंने कोडशेयर साझेदारी का विस्तार किया था जिसमें दोनों नेटवर्क्स में 51 अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू गंतव्य जोड़े गये थे।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE MORNING STANDARD DELHI 17 JANUARY 2026

# Staff did not spot fallen container, leading to AI plane ingesting it

S LALITHA @ New Delhi

PRELIMINARY probe by stakeholders at the Delhi airport have revealed the driver of the ground handler, Bird Flight Services, who transported the baggage tug with four empty containers to a parking bay, fled from the scene on Thursday morning after the plane accident and switched off his mobile. The right engine of Air India flight AI101 got damaged after it ingested a container.

It has also come to light that a helper too was with the driver on the vehicle. A loud thud was heard when the container dolly fell but it was missed by the two Wing men and the marshaller who guided the pilot in parking.


The driver returned to the airport by evening and deposed in front of the regulator, the Directorate General of Civil Aviation (DGCA). "From his version, he did not realise a container had fallen off until he reached the Air Mauritius plane.

He saw the tug open and panicked when he realised one container was missing. He heard about the accident and decided to abscond," the source said.

The CCTV footage was unhelpful as the images were bleak due to poor visibility.

Senior pilots point to negligence on the part of the two Wing men and the marshaller. "When the plane goes from the taxi to the parking lot, these men stand on the each side of the plane's wing. They have given the clearance. Additionally, there is a marshaller guiding the pilot. How did no one see the container?" asked the Airline Pilots Association India.

A Bird Flight Services spokesperson said, "The operator halted within the stipulated area and followed the marshaller's instructions. He did not violate the airside markings." The operator, his helper, the wingmen – none of them heard the sound of the container falling, he added promising corrective measures in future.



**Negligence of wingmen, marshaller pointed out**

Senior pilots point to negligence of two Wing men and marshaller. "When the plane goes from the taxi to the parking lot, these men stand on the each side of the plane's wing. They have given the clearance. How did no one see the container?" asked the Airline Pilots Association India.